भारत भारती पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति की सूची (वर्ष 1982 से अब तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-bharat-bharti-award-winners

भारत भारती पुरस्कार क्या है और क्यों दिया जाता है?

भारत भारती उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान का सबसे बड़ा साहित्यिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार **उत्तर प्रदेश** हिंदी संस्थान, लखनऊ के माध्यम से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। पुरस्कार में भारत-भारती सम्मान के रूप में स्मृति चिह्न, अंग वस्त्रम तथा पाँच लाख दो हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। विकिपीडिया के अनुसार भारत भारती पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1982 में हुई थी।

भारत भारती पुरस्कार का संक्षिप्त विवरण:

पुरस्कार का वर्ग	साहित्य
स्थापना वर्ष	1982
पुरस्कार राशि	पाँच लाख दो हजार रुपये
प्रथम विजेता	महादेवी वर्मा
आखिरी विजेता	सूर्यबाला (2019)

भारत भारती सम्मान 2020:

मेरे संधि पत्र से लेकर कौन देस को वासी, वेणु की डायरी तक का सफर तय करने वाली मुंबई निवासी वरिष्ठ साहित्यकार ड़ॉ. सूर्यबाला को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के 2019 के पांच लाख रुपये की राशि वाले भारत भारती सम्मान से सम्मानित किया गया है। वहीं लखनऊ के दयानंद पांडेय समेत 21 साहित्य सेवी हिंदी संस्थान के विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किए गए हैं। समिति की बैठक संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सदानंद प्रसाद गुप्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

भारत भारती सम्मान 2019:

पद्मश्री से सम्मानित डॉ. ऊषा किरण खान ने हिंदी के साथ-साथ मैथिली में भी दर्जनों उपन्यास और कहानियां लिखी हैं उन्हें वर्ष 2018 के लिए भारत-भारती सम्मान के लिए चुना गया है। डॉ. ऊषा किरण खान बिहार की राजधानी पटना की साहित्यकार हैं।

वर्ष 1982 से अबतक तक सभी भारत भारती पुरस्कार विजेताओं की सूची:

वर्ष	व्यक्ति का नाम

वर्ष	व्यक्ति का नाम
1982	महादेवी वर्मा
1990	धर्मवीर भारती
1998	जगदीश गुप्त
2001	जानकीवल्लभ शास्त्री
2005	नामवर सिंह
2006	परमानन्द श्रीवास्तव
2007	रामदरश मिश्र
2008	केदारनाथ सिंह
2008	अशोक वाजपेयी
2009	महीप सिंह
2010	कैलाश बाजपेई
2011	गोविन्द मिश्र
2012	गोपाल दास नीरज
2013	दूधनाथ सिंह
2014	काशी नाथ सिंह
2015	डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी
2017	डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित
2018	ऊषा किरण खान
2019	सूर्यबाला (उत्तर प्रदेश)

यह भी पढ़े: सरस्वती सम्मान विजेताओं की सूची

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

भारती पुरस्कार - महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: विकिपीडिया के अनुसार भारत भारती पुरस्कार की शुरुआत कब की गई थी?

उत्तर: 1982 में

प्रश्न: भारत भारती पुरस्कार के प्रथम विजेता कौन थे?

उत्तर: महादेवी वर्मा

प्रश्न: भारत भारती पुरस्कार की राशि कितनी होती है?

उत्तर: पाँच लाख दो हजार रुपये

प्रश्न: किस क्षेत्र में भारत भारती पुरस्कार दिया जाता है?

उत्तर: साहित्य के क्षेत्र में

प्रश्न: किस संस्थान का भारत भारती पुरस्कार सबसे बड़ा साहित्यिक पुरस्कार है?

उत्तर: उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान का

प्रश्न: वर्ष 2017 में 11 दिसंबर को डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित को किस वर्ष के भारत भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

उत्तर: वर्ष 2016

प्रश्न: वर्ष 1990 में भारत भारती पुरस्कार से किन्हे सम्मानित किया गया था?

उत्तर: धरमवीर भारती को

You just read: Bharat Bhaaratee Puraskaar Se Sammaanit Vyaktiyon Ke Naam Aur Varsh (1990 Se 2021 Tak)